# रक्षाबंधन पर उपहार में भाई ने बहनों को दिया शौचालय

वैसे तो रक्षाबंधन भाई–बहन का पावन त्यौहार है, जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रॉखी बांधती है और भाई अपनी बहन को उपहार देता है। हर भाई चाहता है कि वो अपनी बहन को एक स्पेशल उपहार दे जिसके लिये वो काफी सोच–विचार भी करते हैं। लेकिन इस रक्षाबंधन पर एक भाई ने अपनी पॉच बहनों को बड़ा ही अनूठा तोहफा दिया। विकासखण्ड मनावर के बालीपुरा पंचायत के डाबरपुरा ग्राम के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के द्वितीय वर्ष के छात्र विजय वास्केल ने अपनी बहनों को राखी के त्यौहार पर शौचालय बनाकर तोहफे में दिया। विजय वास्केल ने रक्षाबंधन के 08 दिन पूर्व से ही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिन रात मेहनत कर शौचालय का निर्माण किया। अपनी पॉच बहनों को राखी के त्यौहार पर उन्हीं के हाथों शौचालय का उद्घाटन करवाने की तैयारी की गई। पॉच बहनों का इकलौता भाई अपनी बहनों को शौचालय देना चाहता था। उसका विधिवत उद्घाटन भी रखा गया। विजय ने एक अनूठा कार्य किया गया है।

शौचालय का निर्माण शासन की सहायता के बिना किया गया। विजय ने बताया कि रक्षाबंधन का इंतजार काफी समय से कर रहा था। पॉच बहनों का इकलौता भाई होने के कारण घर के लालन पोषण के साथ उनकी सुरक्षा की जबावदारी भी मेरी ही है। मैं उनकी परेशानी को देख नही सकता था। इस कार्य में विकासखण्ड समन्वयक श्री अशोक त्रिपाठी का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस कार्य के लिये सम्पूर्ण ग्राम में विजय वास्केल की सराहना की जा रही है।

# 23 ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण

जबलपुर जिले के विकासखंड पाटन में 02 जुलाई 2017 को 32 ग्राम पंचायतो में वृक्षारोपण कार्यक्रम को महोत्सव के रूप में मनाया गया । जिसके तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियाँ, बी.एस.डब्लू. विधार्थियों एवं विस्तारक कार्यकर्ताओं द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण की गतिविधि संचालित की गईं। जिसकी तैयारी पूर्व एक माह से की जा रही थी। प्रत्येक ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा 300 पौधारोपण तथा वितरण का कार्यक्रम एवं बी.एस.डब्लू. विधार्थियों द्वारा 200 से 250 पौधों का प्रत्येक परिवार में तीन से पांच पौधे का वितरण करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। सभी ने पर्यावरण कार्यक्रम में बड़े ही उत्साह से अपनी सहभागिता की। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्यतः सागौन खमैर, नीम, ऑवला, नीबू एवं कटहल के पौधों का रोपण किया गया। इस तरह से माह जुलाई में 12,656 पौधों का वितरण करते हुए रोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया।



# कंचन बहेकार ने गांव में बनवाये 352 शौचालय

वर्तमान में शासन की प्राथमिकता वाले स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पारडी विकासखंड किरनापुर जिला बालाघाट हेतु प्रेरक के रूप में चयनित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्रा कंचन बहेकार को नियुक्त किया गया है। कंचन बहेकार ने ग्राम पंचायत पारडी के लोगों को स्वच्छ्ता का संदेश देते हुये उन्हें शौचालय निर्माण एवं उसके उपयोग हेतु लगातार प्रेरित किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में ग्राम में लक्ष्य अनुसार 352 परिवारों में शौचालय का निर्माण पूर्ण कर लिया गया व परिवार के सभी सदस्य शौचालयों का उपयोग भी कर रहे हैं। छात्रा को उसके इस प्रयास के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है।